प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
फर्द अहकाम
(नियम 26)

अज अदालत सहायक कलक्टर एवं उपखण्ड अधिकारी
राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ

कलावती बनाम **सरकार**

किस्म मुकदमा 136 एलआरएक्ट. नम्बर 77 सन–2021

तरीख हुक्म	हुक्म या कार्यवाही मय इनिषियल जज	नम्बर व तारिख
26.10.2021	प्रशासन गांव के अभियान कैम्प कोर्ट बिरकाली में प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता प्रार्थना पत्र पेश किया प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया जाकर प्रार्थी को सुना गया। प्रार्थी /अधिवक्ता ने निवेदन किया की रोही मौजा बिरकाली बारानी के खाता संख्या 54/142 की कुल 1.2040हैक हिस्सा दर्ज है जिसमें प्रार्थीयान की जाति मेधवाल व निवासी देह दर्ज किया गया है जो गलत है प्रार्थीयान की जाति कामड एवं निवासी गन्धेली तहसील रावतसर है। प्रार्थीयान के समस्त दस्तावेजात , आम आदमी का आधार कार्ड , मतदाता फोटो पहचान पत्र, परिवार राशन कार्ड आदि सभी में प्रार्थीयान की जाति व निवास स्थान जाति कामड एवं निवासी गन्धेली तहसील रावतसर दर्ज है प्रार्थीयान अपनी जाति व निवास स्थान राजस्व रिकार्ड में जाति कामड एवं निवासी गन्धेली तहसील रावतसर दर्ज करवाना चाहता है प्राथी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावे। तहसीलदार नोहर की जांच रिपोर्ट /मजगे आम की जानकारी के अनुसार प्रार्थीगण की जाति कामड एवं निवास स्थान गन्धेली रावतसर है नाम संशोधन की अभिशषा की गई है। हमने पत्रावली का अवलोकन किया प्रस्तुत राजस्व रिकार्ड में प्रार्थी की जाति मेधवाल व निवास साकिन देह दर्ज है एवं प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत अन्य सभी दस्तावेजात मे प्रार्थी की जाति कामड एवं निवासी गन्धेली तहसील रावतसर दर्ज है प्रार्थी के नाम के सम्बध में कैम्प के दोरान संरपच के द्वारा प्रार्थी के नाम को तस्दीक किया जाकर प्रमाण पत्र पेश किया गया प्रार्थी के द्वारा प्रस्तुत दस्तावेजात एवं सरपंच ग्राम पंचायत बिरकाली की तस्दीक के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा बिरकाली बारानी के खाता संख्या 54/142 की कुल 1.2040हैक हिस्सा में प्रार्थी की जाति मेधवाल एवं निवास साकिन देह दर्ज है के स्थान पर प्रार्थीगण की जाति कामड एवं निवासी स्थान गन्धेली तहसील रावतसर संशोधन किया जाता है इसी अनुसार राजस्व रिकार्ड में अंकन करने हेतु तहसीलदार को लिखा जाकर पत्रावली दाखिल दफतर हो। उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) नोहर (हनुमानगढ) प्रशासन गांव के सगं अभियान–2021 कैम्प कोर्ट ...बिरकाली	

Scanned with CamScanner

प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2021
न्यायालय उपखण्ड अधिकारी एवं पदेन सहायक कलक्टर नोहर

क्रमांक : राजस्व / रीडर / 2021 / 77 दिनांक :– 27.10.2021

तहसीलदार राजस्व
नोहर ।

विषय :– प्रकरण संख्या /2021 अनवानी कलावती बनाम सरकार में पारित निर्णय की पालना करवाने के सम्बध मे।

प्रंसग :– अनवान :–

1 कलावती पत्नी जगनदास जाति कामड निवासी गन्धेली तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ।
2. बंशीलाल पुत्र जगनदास जाति कामड निवासी गन्धेली तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ।
3. साहबराम पुत्र जगनदास जाति कामड निवासी गन्धेली तहसील रावतसर जिला हनुमानगढ।

प्रार्थीयान

बनाम

1. राजस्थान राज्य जरिये तहसीलदार राजस्व नोहर जिला हनुमानगढ।

अप्रार्थी

प्रार्थना पत्र बाबत दुरूस्ती अन्तर्गत धारा 136 भू–राजस्व अधिनियम 1956

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि उक्त अनुवानी प्रकरण में निर्णय पारित किया जाकर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर रोही मौजा बिरकाली बारानी के खाता संख्या 54 / 142 की कुल 1.2040हैक हिस्सा में प्रार्थी की जाति मेधवाल एवं निवास साकिन देह दर्ज है के स्थान पर प्रार्थीगण की जाति कामड एवं निवासी स्थान गन्धेली तहसील रावतसर संशोधन किये जाने आदेश पारित किये गये है तदानुसार राजस्व रिकार्ड में संशोधन किया जाना सुनिश्चित करे।

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ)
प्रशासन गांव के सगं अभियान–2021
कैम्प कोर्ट बिरकाली

Scanned with CamScanner